<u>प्रेस नोट</u>

<u>जनपद मुजफ्फरनगर</u>

<u>दिनांक 21.10.2024</u>

- **<u>थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

  दिनांक 21.10.2024 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री नवीन गौतम मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 4858/18 धारा 380,411 भादवि में वारण्टी अभियुक्त बदरु उर्फ सोमपाल पुत्र सदृढ निवासी झोझगान थाना पुरकाजी मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा वाहन चोरी के अभियोग का सफल अनावरण, 01 अभियुक्त गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, चोरी की गयी कुल 04 मोटरसाइकिल बरामद-</u>**

  दिनांक 21.10.2024 को थाना मन्सूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री देवा सिंह मय हमराहिगण द्वारा थाना मन्सूरपुर पर पंजीकृत मु0अ0स0-283/24 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 01 वाहन चोर अभियुक्त रजनीश पुत्र सतेन्द्र निवासी कुटबा थाना शाहपुर मुजफ्फरनगर को मुबारिकपुर रजवाहे की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित मोटरसाइकिल स्पलेण्डर यूपी 12 एयू 2183 बरामद की गयी तथा निशादेही से विभिन्न थानाक्षेत्रों से चोरी की गयी 03 अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की गयी।